प्रेस नोट थाना कोतवाली

जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक - 19/03/2026

"थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के कुशल नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एवं चिन्हित किये गये अपराधियों, वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य में प्रचलित अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण –

दिनांक 24.02.2026 को वादी द्वारा थाना कोतवाली पर एक तहरीर बावत विनय उर्फ सचित पुत्र सुशील उम्र करीब 23 वर्ष नि0मो0 रोशनगंज थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर द्वारा वादी की पुत्री उम्र करीब 16 वर्ष व उसकी सहेली उम्र करीब 15 वर्ष को बदनियती से पकडना व दोनों के साथ छेडछाड करते हुए सीने पर झपट्टा मारने तथा दोनों के परिवार को जान से मारने की धमकी देने तथा जब पीडिता सोनाली उपरोक्त द्वारा विनय उर्फ सचित उपरोक्त की शिकायत उसके परिजनों से की तो अभियुक्त विनय उर्फ सचित उपरोक्त द्वारा अपने भाई गुल्ली के साथ वादी के घर पर आकर गाली गलौज करने व धमकी देने के संबंध में दाखिल की। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0- 59/2026 धारा 74/352/351(3)/78 बीएनएस एवं 3(1)(द),(ध) व 3(2)(va) एससी/एसटी एक्ट व धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट बनाम विनय उर्फ सचित आदि पंजीकृत किया गया। अभियोग की विवेचना के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त विनय उर्फ सचित उपरोक्त को मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 19.03.2026 को समय करीब 12.30 बजे, बास मंडी तिराहे से करीब 50 मीटर पहले गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -

विनय उर्फ सचित पुत्र सुशील उम्र करीब 23 वर्ष नि0मो0 रोशनगंज थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास -

1. मु0अ0सं0- 59/2026 धारा 74/352/351(3)/78 बीएनएस एवं 3(1)(द),(ध) व 3(2)(va) एससी/एसटी एक्ट व धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
2. मु0अ0सं0 60/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
3. मु0अ0सं0 353/2025 धारा 115(2)/352/351(3) बीएनएस थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय -

थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत बास मंडी तिराहे से करीब 50 मिटर पहले, दिनांक -19.03.2026 समय करीब 12.30 बजे।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह
उ0नि0 विशेष कुमार
का0 रोहित कुमार